# निवेश के लिए 9 दिसंबर से विदेश में रोड शो करेंगे मंत्री

## ग्लोबल इंन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए 17 देशों के कार्यक्रम तय

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** फरवरी में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता और अधिकाधिक निवेश लाने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री 9 दिसंबर से विदेश में रोड शो करेंगे। उनके साथ शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। 17 देशों में रोड शो का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

**मंत्रियों के साथ रहेगी अफसरों की टीम**

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शनिवार को इन्वेस्टर्स समिट से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। तय कार्यक्रम के अनुसार, रूट-1 के अंतर्गत एमएसएमई मंत्री राकेश सचान 12 और 13 दिसंबर को दुबई में रहेंगे। पहले दिन अबू धाबी में मीटिंग करेंगे, जबकि दूसरे दिन रोड शो में हिस्सा लेंगे।

**कनाडा जाएंगे सतीश महाना :** रूट-2 में कनाडा और अमेरिका शामिल किए गए हैं, जिसकी जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह की होगी। 9 दिसंबर को कनाडा के टोरंटो, 12 दिसंबर को मॉन्ट्रियल व 14 दिसंबर को वैंकूवर और 16 दिसंबर को अमेरिका के लॉस एंजिलिस में निवेशकों से मिलेंगे। उनके साथ मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा, महेश गुप्ता, संजीव सिंह, आलोक कुमार, अभिषेक प्रकाश व आशुतोष मोहन अग्निहोत्री रहेंगे।



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शनिवार को अधिकारियों के साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। -विज्ञप्ति

### अमेरिका और ब्रिटेन जाएंगे योगी

रूट-8 में अमेरिका व ब्रिटेन के लंदन, न्यूयॉर्क व सैन फ्रांसिस्को शामिल हैं, जिसमें वित्त मंत्री सुरेश खन्ना रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे, जिसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इन तीनों शहरों के लिए 9, 13 व 15 दिसंबर की तिथि तय की गई है। सीएम के एसीएस एसपी गोयल, एसीएस वित्त प्रशांत त्रिवेदी, आईआईडीसी अरविंद कुमार और विशेष सचिव सीएम अमित सिंह भी साथ रहेंगे।

**नीदरलैंड-पेरिस जाएंगे केशव :** रूट-3 के अंतर्गत 16 दिसंबर को नीदरलैंड और 19 दिसंबर को पेरिस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय रहेंगे। रूट-4 में 12 दिसंबर को साउथ कोरिया का सियोल और 14 दिसंबर को जापान का टोक्यो शहर शामिल है, जहां तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह रहेंगे।

**जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन में रहेंगे नंदी :** रूट-5 में शामिल किए गए जर्मनी, बेल्जियम व स्वीडन में 9-14 दिसंबर के बीच निवेशकों से औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद मिलेंगे। रूट-6 में मैक्सिको, ब्राजील व अर्जेंटीना हैं, जहां 9-14 दिसंबर के बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद रहेंगे। रूट-7 पर आस्ट्रेलिया व सिंगापुर हैं, जिसकी तिथियां 13 व 16 दिसंबर तय हैं। वहां जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार जाएंगे।

### 19 देश होंगे पार्टनर

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यूएसए, जर्मनी, कनाडा, यूएई, थाईलैंड, जापान, साउथ अफ्रीका, इजरायल, अर्जेंटीना, मैक्सिको, बेल्जियम, ब्राजील, आस्ट्रेलिया व फ्रांस को पार्टनर कंट्री बनाने का लक्ष्य है। ब्रिटेन, मॉरीशस, डेनमार्क, सिंगापुर और नीदरलैंड पार्टनर कंट्री बन चुके हैं।

### निवेश के टॉप-5 सेक्टर चिह्नित

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि निवेश के लिए टॉप-5 सेक्टर आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, पंप्ड पॉवर स्टोरेज, प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क, विनिर्माण व टेक्सटाइल चिह्नित कर लिए गए हैं। आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में 66006, पंप्ड पॉवर स्टोरेज में 31095, प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में 22850, विनिर्माण में 9246 और टेक्सटाइल में 4015 करोड़ रुपये निवेश आना प्रस्तावित है। अभी तक 1,62,009 करोड़ रुपये के 379 बड़े निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इससे 6 लाख 33 हजार 454 करोड़ का निवेश होगा। 1,17,400 करोड़ के 87 एमयूओ साइन हो चुके हैं, जिनसे 4 लाख 96905 रोजगार के अवसर पैदा होंगे।